द्वाराः ई–मेल

प्रेषक,

संयुक्त सचिव,
शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान (आई0आर0डी0टी0),
अपर आमवाला, देहरादून।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / कार्य0 प्रधानाचार्य / समन्वयक,
परिषद् से सम्बद्ध समस्त राजकीय / राज0 महि0 / सहायता प्राप्त पॉलीटेक्निक संस्थान,
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः 439 / उप्राशिप / जीप–2026 / प्रवेश / 2026–27 दिनांक 18 जुलाई, 2026

**विषयः जीप– 2026 के अन्तर्गत (जीप रैंकधारी / पाठ्यक्रमवार न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित अभ्यर्थियों द्वारा) संस्था स्तर पर काउंसिलिंग एवं द्वितीय वर्ष में लैटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश दिये जाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि परिषद् द्वारा आयोजित दो चरणों की ऑनलाईन काउंसिलिंग सम्पन्न होने के उपरान्त कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा आवंटित संस्था में प्रवेश न लेने के कारण सीटें रिक्त रह गयी हैं। अतः आप निम्नवत निर्देशों एवं प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार संस्था स्तरीय काउंसिलिंग का आयोजन करने का कष्ट करें:–

| | | |
|---|---|---|
| पॉलीटेक्निक संस्थानों में सीटें रिक्त रहने की दशा में सीधे आवेदन / विकल्प दिये जाने की तिथि। | 22 जुलाई, 2026 से 14 अगस्त, 2026 तक (केवल कार्यदिवसों में / अवकाश को छोड़कर) प्रतिदिन। | प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक आवेदन / विकल्प पत्र जमा करवाया जायेगा। आवंटन / चयन सूची का प्रकाशन अपराह्न 01.00 बजे संस्थान के नोटिस बोर्ड पर किया जायेगा तदोपरान्त अपराह्न 01.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण करवाया जायेगा। |

- संस्था प्रधानाचार्य प्रवेश से सम्बन्धित समय सारणी एवं रिक्त सीटों की सूचना स्वयं अपने स्तर से जारी कर अद्यतन सूची संस्था के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाईट पर प्रकाशित कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।
- दिनांक 22 जुलाई, 2026 एवं 23 जुलाई, 2026 को वास्तविक सीटों के सापेक्ष प्रवेश प्रदान किये जायेंगे, तदोपरान्त दिनांक 24 जुलाई, 2026 से अन्तिम तिथि तक आयोजित काउंसिलिंग के दौरान **शासनादेश सं0 1065 के क्रम में प्रवेश हेतु ऊर्ध्व आरक्षित वर्ग की समस्त रिक्त सीटों को ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से सम्बन्धित आरक्षित वर्ग की श्रेणी को प्रथम वरीयता देते हुए अन्य अर्ह अभ्यर्थियों से मैरिट के आधार पर भरे जायेंगे। अर्थात सर्वप्रथम यदि किसी आरक्षण वर्ग की सीटें रिक्त हैं और सम्बन्धित वर्ग के अभ्यर्थी उपलब्ध हैं तो प्रथमतः उन अभ्यर्थियों को सीटें उपलब्ध करायी जाये, तत्पश्चात रिक्त सीटों को मैरिट से भरा जायेगा।**
- सीटें रिक्त रहने की दशा में पुनः आवेदन / विकल्प / प्रवेश ए0आई0सी0टी0ई0 के शैक्षणिक कैलेण्डर में प्रवेश हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि तक प्रवेश प्रदान किये जायेंगे।
- सर्वप्रथम जीप रैंक धारियों को वरीयता प्रदान की जायेगी तत्पश्चात न्यूनतम अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की मेरिट (न्यूनतम अर्हता का उत्तीर्ण प्रतिशत) तैयार कर चयन की कार्यवाही की जायेगी।

- यदि किसी क्षैतिज उपश्रेणी (WO, AF, DFF) में पंजीकरण के उपरान्त कोई अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं तो ऐसी रिक्तियों को उसी क्षैतिज उपश्रेणी की उर्ध्वाधर श्रेणी (GEN, SC, ST, OBC) में कन्वर्ट कर आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। यदि EWS श्रेणी में पंजीकरण के उपरान्त कोई अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं तो ऐसी रिक्तियों को GEN-OP श्रेणी से भरा जायेगा।
- लैटरल एन्ट्री में आई0टी0आई0 या इण्टरमीडिएट की सीटें यदि रिक्त रह जाती हैं तो आई0टी0आई0 की सीटों पर इण्टरमीडिएट के अभ्यर्थियों एवं इण्टरमीडिएट की सीटों पर आई0टी0आई0 के अभ्यर्थियों को परस्पर बदलकर शतप्रतिशत सीटों को भरा जायेगा।
- अभ्यर्थियों के फोटोयुक्त रैंक कार्ड परिषद् की वेबसाईट www.ubter.in पर उपलब्ध हैं जिससे किसी भी जीप– 2026 रैंकधारी अभ्यर्थी के डाटा को मिलान/वेरीफिकेशन किया जा सकता है।
- काउंसिलिंग हेतु जीप– 2026 रैंकधारी अभ्यर्थियों से कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। न्यूनतम अर्हता धारक अभ्यर्थियों से रू0 200/– नकद में प्राप्त किया जायेगा।
- काउंसिलिंग से प्राप्त धनराशि को संस्था स्तर पर रजिस्टर में अंकित किया जायेगा तथा काउंसिलिंग प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त जमा की गयी कुल धनराशि को आई0आर0डी0टी0 कार्यालय को अविलम्ब प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
- संस्था स्तर पर आयोजित की जाने वाली काउंसिलिंग के समस्त अभिलेख संस्था स्तर पर सुरिक्षित रखे जायें। सूचना के अधिकार के अन्तर्गत मांगी जाने वाली समस्त सूचनायें संस्था स्तर पर प्रदान की जायेंगी।

उपरोक्तानुसार प्रधानाचार्य महोदय से अनुरोध है कि वे स्वयं एवं स्टाफ सदस्यों के माध्यम से संस्था स्तरीय काउंसिलिंग का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार करते हुये शत–प्रतिशत सीटों पर प्रवेश प्रदान कराया जाना सुनिश्चित करें।

<u>संलग्नकः विज्ञापन की प्रति।</u>

भवदीय,

(डा0 मुकेश पाण्डेय)
संयुक्त सचिव

# राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में आयोजित की जाने वाली संस्था स्तरीय काउंसिलिंग (SPOT COUNSELLING) सूचना।

## हाई स्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को डिप्लोमा कोर्स में सीधे प्रवेश "पहले आओ पहले पाओ" के अनुसार।

जीप–2026 रैंकधारियों / पाठ्यक्रमवार न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित अभ्यर्थियों के लिये मैरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया गतिमान है।

**प्रवेश प्रदान किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 14 अगस्त, 2026।**

"डिप्लोमा कोर्स में उपलब्ध सीटों का विवरण सम्बन्धित संस्थानों से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।"

**प्रवेश हेतु संस्था स्तरीय काउंसिलिंग की तिथि**

| | | |
|---|---|---|
| पॉलीटेक्निक संस्थानों में सीटें रिक्त रहने की दशा में सीधे आवेदन /विकल्प दिये जाने की तिथि। | दिनांक 22 जुलाई, 2026 से दिनांक 14 अगस्त 2026 तक (केवल कार्यदिवसों में/अवकाश को छोड़कर) प्रतिदिन। | प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक आवेदन/विकल्प पत्र जमा करवाया जायेगा। आवंटन/चयन सूची का प्रकाशन अपराह्न 01.00 बजे संस्थान के नोटिस बोर्ड पर किया जायेगा तदोपरान्त अपराह्न 01.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण करवाया जायेगा। |

विशेष नोटः– राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में यदि किसी भी डिप्लोमा कोर्स में सीटें रिक्त हैं तो अनिवार्य वांछित अर्हता धारित अभ्यर्थी "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर किसी भी डिप्लोमा कोर्स में सीधे प्रवेश ले सकते हैं।

विज्ञापन सं0 435 / उप्राशिप / जीप– 2026 / काउं0सू0 / 2026–27 दिनांक 18 / 07 / 2026 सचिव

## उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्

शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान (आई0आर0डी0टी0), अपर आमवाला, देहरादून